E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com ,cfgarh-forest-uk@nic.in, Phone & Fax :- 01368-222566

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

पत्रांकः– 523 / 12-1 **, दिनांक, पौड़ी, अगस्त,** 21 **2021.**

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

विषयः– जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड जयहरीखाल में वड्डा मोटर मार्ग के किमी0 6 से मलारा बडा तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य।

सन्दर्भः– प्रस्ताव सं0 FP/UK/ROAD/143512/2021

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्न कमियॉ पायी गई हैः–

1. प्रस्ताव की हार्ड कापी में एस0ओ0पी0 के अनुसार प्रपत्रों के क्रमांक सही अंकित नहीं किये गये है।
2. प्रस्ताव में प्रपत्र–1 प्रतिवेदन (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण) संलग्न नहीं है।
3. प्रपत्र–8 वैकल्पिक संरेखणों को निरस्त किये जाने का प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
4. प्रपत्र 2 (परिशिष्ठ) एवं प्रपत्र 2.1 (भाग–II) में दिनॉक अंकित नहीं है।
5. प्रस्ताव में विभिन्न विकल्पों का तुलनात्मक विवरण व उनके निरस्त किये जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र (प्रपत्र–9) (आप द्वारा प्रेषित प्रारूप 13) में वृक्षों के तुलनात्मक विवरण में प्रथम संरेखण में वृक्षों की संख्या 19 तथा द्वितीय संरेखण में भी 19 वृक्ष प्रभावित होना लिखा गया है जबकि संयुक्त निरीक्षण में प्रथम संरेखण में वृक्षों की सं0 19 तथा द्वितीय संरेखण में 28 वृक्षों के प्रभावित होने की सूचना अंकित की गई है के सम्बन्ध में स्थित स्पष्ट करें।
6. प्रपत्र 37 रिक्त पड़े स्थानों पर उचित प्रजातियों के वृक्षारोपण का प्राक्कलन संलग्न नहीं है।

अतः उपरोक्त कमियों का निराकरण कर प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिसके उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण उत्तराखण्ड देहरादून को प्रेषित किया जा सके।

संलग्नकः– प्रस्ताव 4 प्रतियों में।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

पत्रांकः– 523 **दिनांकित**

प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

//Jaideep//

OIC